हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
1 अगस्त 2024, समय 1305

मेटा के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने कहा है कि भारत अब कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजन्स के उपयोग के लिए उनका सबसे बड़ा बाज़ार है।श्री जुकरबर्ग ने कहा कि वे व्हाट्सएप पर आशाजनक जुड़ाव देख रहे हैं और भारत कृत्रिम मेधा के उपयोग के लिए उनका सबसे बड़ा बाजार बन गया है। मेटा AI अब हिंदी, फ्रेंच और जर्मन सहित 7 अन्य भाषाओं में उपलब्ध है। भारत में मेटा AI की शुरूआत पिछले साल की गई थी, लेकिन इस साल जून में इसे सभी के लिए सार्वजनिक कर दिया गया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार संतो, महापुरूषों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है और गरीबों के कल्याण के लिये कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री कल अंबाला ज़िले में श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान सिरसगढ़ के 21वें स्थापना दिवस व अमर शहीद ब्रह्मलीन श्री श्री 108 रामानन्द जी महाराज के 15वें शहीदी दिवस पर आयोजित धार्मिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि श्रद्धालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल भी उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने धर्म अस्थान सिरसगढ़ को 21 लाख रुपये की राशि तथा परिवहन राज्य मंत्री ने 11 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कल अंबाला ज़िले के गांव शेरपुर में शहीद नायक गुरप्रीत सिंह के घर जाकर उनके परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है और उनकी हर संभव मदद की जाएगी। मुख्यमंत्री ने शहीद नायक गुरप्रीत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनके साथ हरियाणा के परिवहन और महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री असीम गोयल, शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त पार्थ गुप्ता और पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र भोरिया मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि शहीद नायक गुरप्रीत सिंह लेह-लद्दाख में 04 लद्दाख स्काउट यूनिट में डयूटी पर तैनात थे। डयूटी के दौरान गश्त करते हुए पैर फिसलने से बर्फीले पानी में गिरने से उनकी मृत्यु हो गई थी। नायक गुरप्रीत सिंह अपने पीछे माता-पिता, बहन, पत्नी और दो पुत्र छोड़ गये हैं।

भारतीय डाक विभाग ने रक्षाबंधन के त्यौहार पर एक नई पहल की है। विभाग ने बहनों के रक्षा सूत्र भेजने के लिए अलग लिफाफे बनाए हैं। जिन पर डाक घर का लोगो छापा गया है। लिफ़ाफ़ों को राखी की आकृति के साथ हैप्पी राखी लिखकर आकर्षक लुक दिया गया है। जींद के मुख्य डाकघर के डाकपाल संजीव कुमार ने बताया कि इन लिफ़ाफ़ों पर बारिश या पानी का कोई असर नहीं होगा , जिससे न तो राखी गीली होगी और न ही यह आसानी से फटेगा। इसे आम लिफाफे की अपेक्षा अधिक मजबुत बनाया गया है।

जींद से हमारे संवाददाता के साथ बातचीत में स्थानीय महिलाओं ने इसे डाक विभाग की बहुत ही सार्थक और सराहनीय पहल बताया और कहा कि सामान्य लिफाफे में भेजने से राखी खराब हो जाती थी लेकिन इनके वाटर प्रूफ होने के कारण राखी सुरक्षित पंहुच पाएगी।

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर शहर में सड़कों, गलियों में पेवर ब्लॉक लगाने, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार ने पिछले एक माह में करीब 70 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इन योजनाओं पर नगर परिषद के अधिकारियों को जल्द आगामी कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यो को जल्द शुरु कर दिया जाएगा और इनकी गुणवत्ता पर विशेष तौर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। राज्यमंत्री कल कुरुक्षेत्र में अपने आवास पर खुला दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे थे।इससे पहले राज्य मंत्री ने सैकड़ों लोगों की पुलिस प्रशासन, जिला समाज कल्याण, विकास एवं पंचायत, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम सहित अन्य विभागों की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।राज्यमंत्री ने अधिकारियों को लोगों की सेवा करने के उद्देश्य से कार्य करने और रोजाना राज्य सरकार के आदेशों पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक लोगों की समस्याएं सुनने और उनका मौके पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बदार्शत नहीं की जाएगी।